हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 15.02.2020 को सम्पन्न आठवीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :–

1.	मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	अध्यक्ष
2.	प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा	सदस्य
3.	श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ	सदस्य
4.	श्री अविनाश कुमार सहा0अभि0, प्रतिनिधि उ0प्र0आ0 एवं वि0प0 निर्माण इकाई–2, कानपुर	सदस्य
5.	श्री विकास गौतम, सहा0अभि0 प्रतिनिधि उ0प्र0आ0 एवं वि0प0 निर्माण खण्ड–20, कानपुर	सदस्य
6.	श्री ए0के0 शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस, उ0प्र0 जल निगम, कानपुर	सदस्य
7.	श्री राम किशन, सहायक अभियन्ता, प्रतिनिधि उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर	सदस्य
8.	श्री अर्पित निगम, सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, कानपुर	सदस्य
9.	प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	सदस्य
10.	श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	विशेष आमंत्री
11.	प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	विशेष आमंत्री
12.	प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	सदस्य सचिव

8.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.11.2019 को सम्पन्न हुई सातवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।

समिति ने विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.11.2019 को सम्पन्न सातवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

8.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.11.2019 को सम्पन्न सातवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।

मद सं0	विषय	कार्यवाही का विवरण
7.03	विश्वविद्यालय के अति प्राचीन एवं निष्प्रयोज्य भवनों के निस्तारण के सम्बन्ध में।	लोक निर्माण विभाग से निष्प्रयोज्य भवनों का नीलामी मूल्य रू0 2080973.21 प्राप्त कर समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है।

भवन निर्माण समिति द्वारा लोक निर्माण विभाग से विश्वविद्यालय के निष्प्रयोज्य भवनों के सम्बन्ध में प्राप्त नीलामी मूल्य रू0 2080973.21 पर अनुमोदन प्रदान करते हुये प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

8.03 **विश्वविद्यालय में नव निर्मित नलकूप के शिरोपरी जलाशय से संयोजन के सम्बन्ध में प्राप्त आगणन पर विचारः**

भवन निर्माण समिति द्वारा नलकूपों के शिरोपरी जलाशय के संयोजन के सम्बन्ध में उ0प्र0 जल निगम से प्राप्त आगणन रू0 22.26 लाख पर, आगणन में सामिल बाउंड्रीवाल के आगणन को 30मी0×30मी0 के स्थान पर 10मी0×10मी0 की बाउंड्रीवाल बनाये जाने हेतु आवश्यक संशोधनोपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

8.04 **विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में स्थित शिरोपरी जलाशयों के मरम्मत के सम्बन्ध में प्राप्त आगणन पर विचारः**

भवन निर्माण समिति द्वारा विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में स्थित शिरोपरी जलाशयों के मरम्मत के सम्बन्ध में उ0प्र0 जल निगम से प्राप्त आगणन क्रमशः रू0 18.40 लाख एवं 20.03 लाख पर अनुमोदनोपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

8.05 **विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन निर्माण कार्यों की समीक्षाः**

विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों के विस्तृत विवरण पर भवन निर्माण समिति द्वारा दिया गया निर्णय संलग्न।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

(प्रो0 प्रदीप कुमार)
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर